हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 227 देहरादून, बृहस्पतिवार, 02 मार्च, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08




मुख्य सचिव एस.एस. संधु ने की अधिकारियों से चर्चा 3

# समूह 'ग' परीक्षाओं में साक्षात्कार की व्यवस्था समाप्त : मुख्यमंत्री

## हल्द्वानी रैली में हजारों युवाओं ने किया प्रतिभाग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी ,2 मार्च , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी, में नकल विरोधी कानून लागू करने के उपलक्ष में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित आभार रैली में प्रतिभाग कर जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर घोषणा की कि समूह 'ग' की कोई भी परीक्षा चाहे वह लोक सेवा आयोग से बाहर की हो या लोक सेवा आयोग के द्वारा कराई जा रही हो। सभी परीक्षाओं में साक्षात्कार की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जाय। इसमें तकनीकी और गैर तकनीकी पद भी सम्मिलित होंगे अर्थात जेई जैसे तकनीकी पदों में भी साक्षात्कार की व्यवस्था पूर्ण रूप से समाप्त कर दी जाएगी।

**सख़्त नकल विरोधी कानून का किया स्वागत**

उच्च पदों में जहाँ साक्षात्कार आवश्यक हो, जैसे- पी०सी०एस० या अन्य उच्च पद वहां भी साक्षात्कार का प्रतिशत कुल अंकों के 10 प्रतिशत से ज्यादा नहीं रखा जाएगा। साक्षात्कार के अकों को भी पारदर्शी प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार में किसी भी अभ्यर्थी को यदि 40 प्रतिशत से कम और 70 प्रतिशत से अधिक दिए जाते हैं तो साक्षात्कार लेने वाले व्यक्ति या बोर्ड को इसका स्पष्ट कारण बताना होगा।







हजारों की संख्या में मौजूद युवाओं का अभिनंदन स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हल्द्वानी में युवाओं द्वारा किए गए इस भव्य स्वागत से मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कड़ी मेहनत के दम पर परीक्षा देने वाले नौजवान के हक पर कोई डाका न डाले सके। युवाओं के हिस्से की सफलता का कोई और लाभ न उठा सके इसके लिए राज्य सरकार कड़े से कड़ा कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन्हीं कदमों के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए सरकार ने देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून बनाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार के लिए राज्य की जनता सर्वोपरि है आने वाला बजट युवा और रोजगार केंद्रित बजट हो। हम ऐसा बजट लाने का प्रयास करेंगे जो प्रदेश के युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप होगा। हम आने वाला बजट में प्रदेश की माताओं और बहनो को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेंगे और प्रदेश के किसानों को खुशहाली प्रदान करने का भी प्रयास करेंगे।

# दुर्गम क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का प्रयोग बढ़ रहा है : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

खटीमा , 2 मार्च , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आई.आई.टी रूड़की में सौर ऊर्जा पर आधारित 'पेरोवस्काइट सोसाइटी ऑफ इण्डिया मीट-2023' में खटीमा से वर्चुअल प्रतिभाग किया। उन्होंने आईआईटी रुड़की और पेरोवस्काइट सोसाइटी ऑफ इण्डिया की टीम को सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस सेमिनार के आयोजन के लिए बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत में वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों को बढ़ावा देकर ऊर्जा के क्षेत्र में पूर्ण सुरक्षा और स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। आज रूड़की में ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की विकासवादी सोच पर आधारित सेमिनार का आयोजन हो रहा है। सौर ऊर्जा एवं अन्य वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से देश की प्रगति में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा निरन्तर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुकूल मौसम होने के कारण उत्तराखण्ड में सौर ऊर्जा से संबंधित परियोजनाएं विकसित करने की अपार




संभावनायें हैं। राज्य सरकार सौर ऊर्जा के अपार संसाधनों के उचित प्रयोग से प्रदेश में "ऊर्जा क्रांति" लाने के लिए प्रयासरत है। उत्तराखंड के दुर्गम क्षेत्रों में ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूर्ण करने हेतु सौर ऊर्जा अत्यंत प्रभावी साबित हो सकती है। सौर ऊर्जा का किफायती दरों पर उपलब्ध होना पहाड़ी व दुर्गम क्षेत्रों के निवासियों के लिए अत्यंत फायदेमंद हो सकता है। यही वजह है कि दुर्गम क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का प्रयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को 2025 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि राज्य के प्रत्येक घर तक बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो। इसे पूर्ण करने के लिए राज्य सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि विज्ञान के क्षेत्र में रूचि रखने वाले महानुभाव सेमिनार के माध्यम से उत्तराखंड में सौर ऊर्जा के कुशल संचालन हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव देंगे। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार एक रोडमैप विकसित करने में मददगार साबित होगा। जिससे हम उत्तराखण्ड राज्य के साथ-साथ सम्पूर्ण भारतवर्ष में सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग कर सकेंगे।इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से विधायक रूड़की प्रदीप बत्रा, आई.आई.टी रूड़की के निदेशक प्रो. के.के. पन्त, सेमिनार के संयोजक प्रो. सौमित्र सतपति एवं विभिन्न प्रदेशों से आये वैज्ञानिक उपस्थित थे।

# स्मार्टफोन बार बार हैंग होने से परेशान है तो अपनाये ये 5 ट्रिक्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट , 2 मार्च , स्मार्टफोन अब केवल फोन नहीं रहे हैं, ये आपके पर्सनल मैनेजेर, बिजनेस पार्टनर, रिमाइंडर, एंटरटेनर और काफी कुछ बन चुके हैं। दिन का एक बड़ा वक्त हम इनके साथ बिताते हैं और समस्या तब आती है जब इसकी स्पीड कम हो। वहीं दूसरी तरफ हैंग होने के कारण लोग इससे परेशान भी हो जाते हैं। आमतौर पर ऐसा बजट स्मार्टफोंस में होता है। अधिकतर लोग प्रीमियम की जगह बजट स्मार्टफोंस का इस्तेमाल करते हैं। क्या आप भी हैंग होने की समस्या से परेशान हो गए हैं? लेकिन इसके लिए स्टोर पर जाने की जरूरत नहीं है और ना ही फोन बदलने की जरूरत है, इसे खुद से भी ठीक किया जा सकता है।

इसे आप बगैर एक भी रुपये खर्च किए घर पर ही आसानी से सही कर सकते हैं। हैंग होने की समस्या स्मार्टफोन पुराना होने के साथ ही आनी शुरू हो जाती है। वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग इससे बचने के लिए हजारों रुपये खर्च कर प्रीमियम स्मार्टफोन खरीदते हैं। इसे सुपर फास्ट बनाने के लिए इन 7 टिप्स एंड ट्रिक्स को फॉलो करें।

**1. स्मार्टफोन हैंग होने से पहले करें Cache फाइल्स को क्लीन**

जिस तरह से कार बाइक या फिर अपने ऊपर लोग ध्यान देते हैं, इसी तरह स्मार्टफोन के ऊपर भी ध्यान देना जरूरी है। अधिकतर लोग केवल इसे यूज करना जानते हैं। आप समय-समय पर नियमित रूप से Cache फाइल्स को क्लीन करने के बाद भी इसकी स्पीड को बढ़ा सकते हैं। दरअसल लगातार इस्तेमाल करने की वजह से कैच फाइल बन जाने के कारण ही इसकी स्पीड में कमी आती है।

**2. 5 से 6 महीने में एक बार करें स्मार्टफोन रिसेट**

समय के साथ स्मार्टफोन की परफॉर्मेंस में भी कमी आती है। इसे बढ़ाने का सबसे आसान तरीका रिसेट करना है। अगर आप भी हैंग होने की समस्या से गुजर रहे हैं तो इसे एक बार रिसेट जरूर करें। आमतौर पर आप इसे हर 5 से 6 महीने में एक बार रिसेट कर सकते हैं। इससे आपको बार-बार सभी एप्स को ओपन कर Cache डाटा क्लियर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**3. नियमित रूप से स्मार्टफोन करें अपडेट**

एंड्रॉयड और सिक्योरिटी अपडेट को लेकर कई बार लोग कंफ्यूज हो जाते हैं। वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग इंटरनेट डाटा की बचत करने के लिए स्मार्टफोंस में अपडेट्स आने के बावजूद भी इसे डाउनलोड नहीं करते हैं। दरअसल इससे डिवाइस की स्पीड बढ़ जाती है। इसके अलावा नए नए फीचर्स भी देखने को मिलते हैं। लेटेस्ट एंड्राइड वर्जन पर अपडेट करने के बाद डिवाइस में कई चीजें बदल जाती है।

**4. टेंपरेरी फाइल्स को ऐसे कर सकते हैं डिलीट**

स्मार्टफोन में मौजूद टेंपरेरी फाइल को डिलीट करने के लिए इसे रिस्टार्ट कर सकते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं इससे डिवाइस में मौजूद गैर जरूरी फाइल्स भी क्लीन हो जाती है। इसके बाद इसमें अलग से जगह बन जाने के बाद स्मार्टफोन की स्पीड को बढ़ाना काफ़ी आसान होता है। कभी भी हैंग होने की समस्या हो तो इसे रिस्टार्ट कर इससे छुटकारा पा सकते हैं।

**5. गैर जरूरी ऐप्स को करें अनइनस्टॉल**

स्मार्टफोन खरीदने के बाद जानकार लोग इसमें मौजूद सभी गैर जरूरी है ऐप्स और फाइल को डिलीट कर देते हैं। वहीं दूसरी तरफ लोग जरूरत पड़ने पर इसमें अलग-अलग ऐप्स इंस्टॉल तो करते हैं, लेकिन एक बार डाउनलोड करने के बाद अनइनस्टॉल करना भूल जाते हैं। अगर आपके स्मार्टफोन में भी गैर जरूरी ऐप्स उपलब्ध हैं तो इसे जल्दी ही डिलीट कर दें। दरअसल इसे को डाउनलोड करने के लिए इंटरनल स्टोरेज के साथ ही रैम स्टोरीज की भी जरूरत पड़ती है। हैंग होने की समस्या आमतौर पर रैम की कमी होने की वजह से आती है। इसे खाली करने का सबसे आसान तरीका गरी जरूरी एप्स को अनइंस्टॉल करना है।

# होलिकादहन पर क्यों पढ़ते हैं हिरणकश्यप और प्रह्लाद की कथा ?




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 मार्च , होली के मौके पर होलिका दहन करने का प्रचलन आप जानते होंगे लेकिन क्या आपको पता है कि होलिका दहन की एक कहानी है। हिरणकश्यप और प्रह्लाद की यह कहानी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

होली का त्यौहार वैसे तो हिंदू धर्म में काफी मायने रखते हैं और इसे मनाने के पीछे की वजह भी काफी रोचक है। यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और यही वजह है कि लोगों के बीच इस त्यौहार का अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। होली से पहले होलिका दहन मनाने की प्रथा है और इस दिन कहा जाता है कि इस दिन होलिका दहन की कथा पढ़कर पूजा करने से पुण्य मिलता है और साथ ही सुख-समृद्धि की वृद्धि होती है। ऐसे में आप भी इस त्योहार पर होलिका दहन कथा को जरूर पढ़ें। आइए जानते हैं क्या है होलिका दहन की कथा।

**हिरणकश्यप और प्रह्लाद की कहानी**

होलिका दहन के मौके पर असुर राजा हिरणकश्यप और भक्त प्रह्लाद की कथा पढ़ी जाती है। इस कथा का महत्व जगजाहिर है और आप इस कथा की खासियत से वाकिफ नहीं होंगे। कहा जाता है कि हिरणकश्यप खुद को भगवान मानता था और प्रजा से उसकी पूजा करने को कहता था। हिरणकश्यप को इस बात का घमंड था कि उसकी शक्तियां किसी भगवान से कम नहीं है इसलिए वह प्रजा के बीच खौफ बरकरार रखने के लिए अपनी पूजा करने का निर्देश दे दिया और साथ ही यह भी कहा कि उसके अलावा अगर किसी ने कोई और भगवान की पूजा की तो अंजाम सही नहीं होगा।

**आग में बैठ गए थे भक्त प्रह्लाद**

वहीं, हिरणकश्यप के बेटे यानी प्रह्लाद भगवान विष्णु के परमभक्त थे। प्रह्लाद की भक्ति से हिरणकश्यप काफी परेशान था और उसने कई बार उसे समझाया लेकिन प्रह्लाद पर असर नहीं पड़ा। इस हठ को देखकर हिरणकश्यप अपने बेटे को भस्म करने का सोचा और उसने अपनी बहन होलिका को बुलाया। दरअसल होलिका को वरदान में एक दुशाला मिली थी जिसे ओढ़ने के बाद आग उसे छू भी नहीं सकती है बस क्या था होलिका आग में बैठ गयी प्रह्लाद को अपने गोद में लेकर और उसने दोशाला ओढ़ रखी थी। भगवान की महिमा कहे कि तेज हवा चली और प्रह्लाद के ऊपर वह दोशाला चला गया और होलिका जलकर भस्म हो गयी और प्रह्लाद का बालबांका भी नहीं हुआ। बस इसी दिन से होलिका दहन का रिवाज है।

# वरदान है 20-10-4 फॉर्मूला ! चुटकियों में खत्म करता है EMI !




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 मार्च , कार खरीदना बहुत से लोगों के लिए अभी भी महज एक सपने की तरह है. वैसे भी धीरे-धीरे सस्ती कारों के विकल्प भी काफ़ी कम होते जा रहे हैं. पहले जहां 1 से 1.5 लाख रुपये में भी आप अपनी नई कार ले सकते थे, अब सबसे सस्ती कार की कीमत भी ऑन रोड लगभग 4 लाख रुपये से कम बिलकुल नहीं है. हर किसी के पास इतनी रकम एकमुश्त तो नहीं होती. ऐसे में अधिकतर लोग कार लोन का ही ऑप्शन चुनते हैं. हालांकि यह लोन कई बार आपके लिए काफ़ी बड़ी मुसीबत भी बन जाता है और आप कई साल तक इस चुकाने के चक्कर में काफ़ी ज्यादा परेशान हो जाते हैं. इस तरह की परेशानियों से बचने के लिए हमेशा कार लोन लेते समय आप 20-10-4 फॉर्मूला का इस्तेमाल जरूर करें. इस फॉर्मूले का पालन करके, कार लोन काफ़ी आसानी से चुकाया जा सकता है.

**जाने क्या है 20-10-4 फॉर्मूला**

20-10-4 फॉर्मूला बताता है कि लोन पर वाहन खरीदते समय आप हमेशा ऑन-रोड कीमत का 20% तक डाउन पेमेंट करें और शेष राशि के लिए लोन को अप्लाई करें. लोन लेते समय, सुनिश्चित करें कि इसकी EMI आपकी मासिक आय के 10% से ज्यादा बिलकुल भी न हो और लोन की अवधि भी 4 साल से ज्यादा न हो. इस फॉर्मूले में 20 का मतलब है 20% डाउन पेमेंट, 10 का मतलब है मंथली सैलरी का 10% ईएमआई, और 4 का मतलब है 4 साल की लोन अवधि.इस फॉर्मूले को फॉलो करने से लोन का बोझ भी आपके ऊपर ज्यादा नहीं पड़ेगा और आप कार लोन काफ़ी आसानी से चुका पाएंगे. हालांकि, अगर आप डाउन पेमेंट को 20% से भी ज्यादा देने में सक्षम हैं, तो लोन चुकाना और भी अधिक आसान हो जाएगा. इसलिए यदि संभव हो तो, लोन राशि को कम करने और EMI को कम रखने के लिए, ऑन-रोड कीमत के 20% से अधिक का ही डाउन पेमेंट करने की सलाह दी जाती है.

# मुख्य सचिव एस.एस. संधु ने की अधिकारियों से चर्चा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में अधिकारियों के साथ खाद्य प्रसंस्करण संवर्धन रणनीति पर चर्चा की। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों से पर्वतीय क्षेत्रों में छोटी छोटी खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा दिए जाने की बात कही।

मुख्य सचिव ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के विभिन्न उत्पाद यातायात सुविधाओं के अभाव या मार्गों के अवरुद्ध होने के कारण समय से बाजार में नहीं पहुंच पाते। इससे कृषकों को अत्यधिक नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए इस प्रकार की पॉलिसी तैयार की जाए कि खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े सूक्ष्म श्रेणी के छोटे छोटे उद्योगों को अधिक से अधिक वेटेज मिल सके। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक महत्वपूर्ण भूमिका हॉर्टिकल्चर विभाग को निभानी है। हॉर्टिकल्चर मार्केटिंग बोर्ड को भी अपनी गतिविधियां बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।

मुख्य सचिव ने उद्योग विभाग को आवश्यकता का समेकन और कच्चे माल के लिए खरीददार उपलब्ध कराए जाने की दिशा पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग पर अधिक फोकस किए जाने की भी बात कही ताकि रॉ मैटेरियल एक साथ एक जगह पर उपलब्ध हो सके। इसके लिए स्वयं सहायता समूहों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन होगा। उन्होंने योजना को सफल बनाने के लिए व्यावहारिक समस्याओं के निराकरण किए जाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि उत्पाद को बढ़ावा देने से पहले उसके बाजार की व्यवस्था और किसानों और अन्य हितधारकों को भी विश्वास में लिया जाए।

इस अवसर पर सचिव डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय एवं अपर सचिव श्री रोहित मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुकदमों की विवेचनाओं में तेजी लाएं : एसएसपी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुडकी। एसएसपी अजय सिंह ने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने कुछ दरोगाओं और सिपाहियों से कार्बाइन खुलवाकर वापस जोडने और इसे लोड करवा कर देखा। सभी ने सफलता से इसे करके दिखाया। उन्होंने मुकदमों की विवेचना में तेजी लाने की हिदायत दी।

एसएसपी के कोतवाली पहुंचने पर गारद ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद उन्होंने कोतवाली के शस्त्रों और दूसरी संपत्ति का निरीक्षण किया। शस्त्र साफ सुथरे और चालू हालत में थे। अभिलेखों और मुकदमों से संबंधित माल के रखरखाव, कोतवाली परिसर और मेस की साफ सफाई पर भी एसएसपी ने संतुष्टि जताई। इसके बाद उन्होंने कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह, एसएसआई अंकुर शर्मा व अन्य दारोगाओं की बैठक लेकर मुकदमों की विवेचनाओं की जानकारी ली। उन्होंने मुकदमों की विवेचना में तेजी लाने की हिदायत दी। कहा कि मामूली मारपीट, झगड़ा, आबकारी अधिनियम, अवैध शस्त्र अधिनियम, दहेज उत्पीडन जैसे मुकदमों को बिना वजह लटकाने के बजाय जल्दी इनकी जांच पूरी की जाए। बैठक में एसआई मनोज नौटियाल, नरेंद्र सिंह तोमर, प्रेमप्रकाश शाह, बबलू चौहान, अशोक रावत, पुनीत दनौसी भी मौजूद रहे।

# लकी ड्रॉ में अंशुमन मिश्रा को मिला पहला पुरस्कार

रुडकी। मोंटफोर्ट चिल्ड्रन एकेडमी में वार्षिक समारोह में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। इससे पहले आयोजित मेले में भूत बंगला सबसे ज्यादा पसंद किया गया। बाद में लकी ड्रा निकालकर विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, किसान आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के साथ दीप जलाकर समारोह की शुरुआत की। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह गुरुजनों और बड़ों की बात मानकर आगे बढ़ें। प्रबंधक जसवीर सिंह, प्रधानानाचार्य कुसुम देवी ने पूरे साल की गतिविधियों की जानकारी दी। संचालन डॉ. घनश्याम गुप्ता ने किया। रोहिताश कुंवर, अदनान नवाज खान ने भी विचार प्रकट किए। इससे पहले बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत गाया। इनके अलावा गीत, संगीत, डांस, नाटक आदि के रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। समारोह से पहले स्कूल परिसर में आयोजित मेले में बच्चों ने स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों के अलावा रोचक खेलों के स्टॉल लगाए। अतिथियों ने खाद्य पदार्थ चखकर उनके सवाद की तारीफ की। मेले में बच्चों की ओर से लगाया गया भूत बंगला सभी ने काफी पसंद किया।

# बिजनौर की टीम ने नहीं होने दी संयुक्त पैमाइश

रुडकी। हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद मोहनावाला के पास यूपी सीमा पर विवादित जमीन की पैमाइश नहीं हुई। लक्सर तहसील प्रशासन ने बिजनौर की टीम के अधिकारियों पर पैमाइश नहीं होने देने का आरोप लगाकर डीएम को रिपोर्ट भेज दी है। लक्सर तहसील के मोहनावाला बादशाहपुर की सीमा बिजनौर के हिम्मतपुर बेला गांव से लगती है। यहां पर करीब चार हजार बीघा जमीन को लेकर किसानों और प्रशासन में विवाद है। मोहनावाला के प्रधान विकिंत कुमार की याचिका पर हाईकोर्ट ने 28 फरवरी तक दोनों तरफ की संयुक्त टीम को पैमाइश के आदेश दिए थे। टीम ने 25 फरवरी से पैमाइश शुरू की थी लेकिन पैमाइश पूरी नहीं हो पाई है। एसडीएम गोपालराम बिनवाल का कहना है कि बिजनौर की टीम ने पैमाइश नहीं होने दी। बिजनौर की टीम इस पर कब्जे के लिए हिम्मतपुर बेला का नया बंदोबस्त कर रही है। टीम पैमाइश में व्यवधान डालने के लिए पहले से तैयार होकर बिजनौर के कई थानों की पुलिस और पीएसी लेकर आई थी। उनके दखल से पैमाइश नहीं हुई। बताया कि इसकी पूरी रिपोर्ट बनाकर डीएम को भेजी जा रही है।

## रामलीला मैदान में छह मार्च को होगा होलिका दहन

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर में इस बार होली के त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। यहां होलिका दहन की तैयारियां भी जोरों पर है। होली कार्यक्रम के संयोजक सतीश पुरी ने बताया कि 3 मार्च को साढे नौ बजे सुबह ढोल नगाड़ों और पूजा अर्चना के साथ झंडी काटी जाएगी।

## तीन मोटर मार्गों के निर्माण को मिली वित्तीय स्वीकृति

श्रीनगर गढ़वाल। देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी की पहल पर शासन की ओर से राज्य योजना के तहत विकासखंड देवप्रयाग के गुरू देवल सलेथी-पंवार गांव, चपोली-भैस्वाड़ी व कीर्तिनगर ब्लाक के स्यालसौड़-बणतोलीखाल नैलचामी मोटर मार्गों के निर्माण की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इन मोटर मार्गों का निर्माण करीब 4 करोड़ 29 लाख के बजट से किया जाएगा। मोटर मार्गों की स्वीकृति मिलने पर लाभान्वित होने वाले गांवों के लोगों ने विधायक का आभार प्रकट किया है।

विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि 27फरवरी को इन मोटर मार्गों के निर्मासा का निर्माण का शासनादेश जारी कर दिया गया है। कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से मोटर मार्गों के निर्माण की मांग कर रहे थे। इन मोटर मार्गों का निर्माण होने से सबसे अधिक फायदा ढुंडसिर क्षेत्र के लोगों को होगा। स्यालसौड़-बणतोलीखाल नैलचामी मोटर मार्ग का निर्माण होने से क्षेत्र के करीब 40 से अधिक गांवों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ढुंडसिर, लोस्तु, बडियारगढ़, कीर्तिनगर व श्रीनगर के लोगों को नैलचामी पहुंचने के लिए पहले गडोलिया, घनसाली होते हुए 82 किमी. की दूरी नापनी पड़ती है। इस मोटर मार्ग के बनने से बा यह दूरी करीब 40 किमी. रह जाएगी। कहा आवाजाही आसान होने का फायदा क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द मोटर मार्गों का निर्माण कार्य पूरा हो इसका प्रयास किया जा रहा है।

## बिड़ला परिसर में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर में सोशल मीडिया हमें असामाजिक बना रहा है विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने सोशल मीडिया के फायदे व नुकसान गिनाते हुए अपना पक्ष रखा। मौके पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों के बौद्धिक विकास में सहायक हैं। उन्होंने छात्रों से ऐसे आयोजन में बढ़-चढक़र भागीदारी करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राएं देहरादून में 17-18 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। संचालन प्रो. प्रशांत कंडारी, डा. नीतिश बौंठियाल व डा. नरेश कुमार ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डा. महेंद्र बाबू, डा.राकेश नेगी, डा. कपिल पंवार रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## छात्राओं ने भ्रमण कर जुटाई जानकारी

पौड़ी । समग्र शिक्षा अभियान के तहत राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ल्वाली की कक्षा 9वीं व 10की छात्राओं के दल ने हेमवंती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर में रसायन, भौतिक, जीवविज्ञान की प्रयोगशालों का भ्रमण किया। इस दौरान परिसर के निदेशक डा.प्रभाकर बड़ोनी, डा.गौतम कुमार, डा.सविता, डा.बीपी बलोदी, डा.सुनील कुमार, डा.अरूण रावत ने छात्राओं को प्रयोगशाला संबंधित उपकरणों की जानकारी दी। भ्रमण दल की शिक्षिका नमिता रावत, निशा चौधरी ने बताया कि छात्राओं ने विकास भवन में स्थित कृषि, उरेडा, समाजकल्याण, बालविकास आदि विभागों का भ्रमण कर भी जानकारी जुटाई।

## वाद विवाद में कुलदीप ने मारी बाजी

पौड़ी । नमामि गंगे एवं यूसर्क के तत्वावधान में स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान संकाय द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बारे में विस्तार से जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। कार्यक्रम के तहत वाद विवाद प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष के कुलदीप सिंह व रिया ने क्रमश पहला व दूसरा स्थान पाया। कार्यक्रम की रूपरेखा नमामि गंगे नोडल अधिकारी डा. विवेक रावत ने प्रस्तुत की। उन्होंने विज्ञान दिवस के उद्देश्य के बारे में बताया। मिथक और रोजमर्रा के विज्ञान की वास्तविकता विषय पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढक़र प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल ने दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बारे में बताया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. नीरज असवाल, नरेश चंद्र, अनिल ध्यानी, सुरेंद्र सिंह नेगी, निर्णायक मंडल डा. बिपेंद्र सिंह रावत, डा. सुधीर सिंह रावत, डा. दुदुन मेहता आदि शामिल थे। संचालन डा. छाया सिंह ने किया।

## भाजपा निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी: पंवार

रुद्रप्रयाग। भाजपा के जिलाध्यक्ष महावीर पंवार ने कहा कि भाजपा निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से पार्टी की सेवा करता है। यही कारण है कि बिना किसी पहुंच के ही सामान्य कार्यकर्ता बड़े पदों तक पहुंच जाता है। रुद्रप्रयाग पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा विशुद्ध रूप से निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्होंने कहा कि वह सामन्य कार्यकर्ता की तरह ही पार्टी से जुड़े थे, और निस्वार्थ रूप से कार्य करते करते हुए आज पार्टी ने उन्हें जिलाध्यक्ष के रूप में सेवा करने का सौभाग्य दिया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश और जनपद का चहुमुंखी विकास हो रहा है। इस मौके पर भाजपा महामंत्री भारत भूषण भट्ट, मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बत्र्वाल, भाजयुमों के गढ़वाल संयोजक विकास डिमरी, पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील नौटियाल, आईटी सैल के जिला संयोजक विकास नौटियाल, सोशल मीडिया प्रभारी संदीप कठैत, रोशन झा, पंकज कप्रवान आदि मौजूद थे।

## सुमाड़ी से चार छात्रों का सैनिक स्कूल के लिए चयन

रुद्रप्रयाग। केदार वैली चिल्ड्रन एकेडमी सुमाड़ी तिलवाड़ा से चार छात्रों ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी प्रवेश परीक्षा क्वालीफाई करने पर क्षेत्रीय अभिभावकों और शिक्षकों ने खुशी व्यक्त करते हुए चयनित छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय के प्राचार्य बीपी सती ने बताया कि सैनिक स्कूल के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के क्वालीफाई राउंड में अमूल्य रावत पुत्र दिनेश सिंह, प्रिया पंवार पुत्री मेघपाल सिंह, कुमारी आरुषि नेगी पुत्री अनिल सिंह, अनन्या मैठाणी पुत्री रजनीश मैठाणी ने सैनिक स्कूल द्वारा आयोजित परीक्षा क्वालीफाई की है। सभी चारों छात्र छात्राओं की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य बीपी सती सहित विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त कर उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की है।

## प्रो. ढंयोंडी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन नियुक्त

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के सेंटर फॉर माउंटेन टूरिज्म एंड हॉस्पटेलिटी स्टडीज के प्रो. राकेश कुमार ढंयोंडी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन नियुक्त हुए हैं। गढ़वाल विवि के कुलसचिव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि 1 मार्च 2023 से तीन वर्ष तक वह बतौर डीन नियुक्त रहेंगे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

श्रीनगर गढ़वाल। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भक्तियाना का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। नंदा देवी गीत नृत्य, शंभू भोलेनाथ.., लेजी डांस व अन्य गढ़वाली लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति पर छात्रों के साथ दर्शक भी झूम उठे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य लखपत सिंह भंडारी, सह प्रदेश निरीक्षक विनोद सिंह रावत, संभाग निरीक्षक भगवती प्रसाद चमोला, प्रधानाचार्य प्रहलाद किशोर नौटियाल, विनय घिल्डियाल, कमलेश नैथानी, भुवनेश बमराड़ा आदि मौजूद रहे।

## प्रो. महावीर सिंह नेगी को मिला भूगोल शास्त्र भूषण अवार्ड

श्रीनगर गढ़वाल। दक्कन ज्योग्राफिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. महावीर सिंह नेगी को प्रतिष्ठित भूगोल शास्त्र भूषण अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। शिक्षण शोध एवं लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय साउथ बिहार के कुलपति प्रो. के.एन सिंह जो दक्कन ज्योग्राफिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भी हैं उपस्थित रहे। इसके साथ ही सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी प्रो. बीसी वैद्य, कुलसचिव बनारस हिंदू विश्वविद्यालय विभागाध्यक्ष भूगोल बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के साथ ही देश विदेश के बहुत ही प्रतिष्ठित भूगोलवेत्ता तथा शोध छात्र भी मौजूद रहे। गढ़वाल विश्वविद्यालय केभूगोल विभाग की ओर से इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भूगोल विभाग के वरिष्ठ प्रो. बीपी नैथानी, असिस्टेंट प्रो. चेतराम स्वेलेश अंसारी तथा शोध छात्र मनीष, गौरव, विकास रावत, आदर्श पंत, अमित शर्मा, मनदीप, नेत्रपाल भास्कर, सिद्धार्थ राणा अंजलि, ज्योति यादव ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने प्रो. महावीर सिंह नेगी एवं भूगोल विभाग को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# होली पर नकली मावा और पनीर पेट का ना बजा दें बैंड, कीजिये ऐसे जाँच

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट, 2 मार्च होली का त्योहार आ रहा है और हर जगह रंग गुलाल की बहार आ जाएगी। होली पर रंग खेलने के साथ साथ खूब मिठाई और पकवान बनते हैं। बाजारों में तरह तरह की मिठाई और गुजिया बिकती हैं। मिठाइयों की ज्यादा मांग होने के चलते इस मौके पर बाजार में नकली मावा यानी खोआ और पनीर आ जाता है। ये मावा और पनीर देखने में भले ही असली लगे लेकिन इनमें कैमिकल, मैदा, खराब दूध पाउडर, डिटरजेंट, यूरिया और कई बार सिंथेटिक की मिलावट के चलते ये सेहत को काफी नुकसान करते हैं। होली के बाद अक्सर फूड प्वाइजनिंग के केस आते हैं और ये नकली और मिलावटी मावा और पनीर की देन माने जाते हैं। इसलिए अगर आप होली के मौके पर गुजिया बाजार से खरीद कर ला रहे हैं या मावा और पनीर खरीद रहे हैं तो आपको ध्यान रखने की जरूरत है



**पहला तरीका**

बाजार में आपको आयोडीन लोशन मिल जाएगा। इसे आयोडीन टिंचर भी कहते हैं। इसे खरीद कर घर ले आइए। अब जो मावा आप बाजार से खरीद कर लाएं हैं, उसका छोटा सा टुकड़ा लीजिए और एक कटोरी में डाल लीजिए। इसी कटोरी में गर्म पानी डाल लीजिए। अब आयोडीन लोशन की कुछ बूंदें इस कटोरी में डालिए। अगर कटोरी में रखे मावे का रंग नीला या काला हो जाए तो समझिए कि मावे में मिलावट की गई है। अगर मावे का रंग हल्का लाल या केसरिया रहता है तो समझना होगा कि मावा असली है।

**दूसरा तरीका**

इसके अलावा आप मावे को उंगलियों की मदद से मसल कर भी इसकी मिलावट चैक कर सकते हैं। अगर मावा चिकना लगता है तो समझिए कि मावा असली है और अगर वो रबड़ की तरह खिंचता है और चिकनाहट महसूस नहीं होती तो इसका मतलब मावा नकली है।

**तीसरा तरीका**

एक कढ़ाई में जरा सा मावा डालिए और इसमें थोड़ी सी चीनी डालकर गर्म कीजिए। अगर मावा पानी छोड़ने लगता तो यकीनन ये नकली मावा है। अगर मावा पानी नहीं छोड़ता तो मावा असली है। ठीक इसी तरह बाजार में आए नकली पनीर की पहचान की जाती है। पर्व त्योहारों के मौके पर बाजार में पनीर की मांग भी ज्यादा हो जाती है और ऐसे में पनीर में मिलावट करने के साथ साथ नकली पनीर भी बनाया जाता है। नकली पनीर में पानी के साथ साथ वनस्पति वसा, रेनेट कैसिइन नामक कैमिकल, इमल्सीफाइंग नमक और सोडियम क्लोराइड जैसे केमिकल यूज किए जाते हैं जो सेहत को अच्छा खासा नुकसान पहुंचाते हैं। इस नकली पनीर को पनीर एनालॉग्स कहते हैं

**ऐसे करें नकली पनीर की पहचान**


बाजार से लाए पनीर को कुछ देर के लिए गर्म पानी में रखकर छोड़ दें या फिर कुछ देर के लिए उबलते पानी में डाल दें। इसके बाद इसी पानी में सोयाबीन का पाउडर डाल दीजिए। अगर पनीर नकली है तो पनीर का रंग लाल हो जाएगा। इस तरह आप नकली पनीर की पहचान करके उसे खाने से बच सकते हैं और खुद को अपने परिवार की सेहत को खराब होने से बचा सकते हैं। दरअसल अगर पनीर बनाते समय उसमें यूरिया पाउडर या डिटरजेंट मिलाया जाता है तो पनीर के इस तरह के टेस्ट में उसका रंग लाल हो जाता है।

**आयोडीन टिंचर से करें टेस्ट**

आप चाहें तो मावे की तरह पनीर के साथ भी आयोडीन टिंचर का टेस्ट करके देख सकते हैं। पनीर का एक टुकड़ा एक बर्तन में डालिए और बर्तन में गर्म पानी डाल दीजिए। अब आयोडीन टिंचर की कुछ बूंदें इस पर डालिए। आयोडीन टिंचर यानी आयोडीन लोशन की बूंदें डालने पर अगर पनीर का रंग नीला या काला होता है तो इस बात को मान लेना चाहिए कि बाजार से लाया गया पनीर मिलावटी है और इसमें डिटरजेंट या यूरिया पाउडर की मिलावट की गई है।




# पहली बार ऑफिस जाने से पहले जरूर फॉलो करें ये टिप्स



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट, 2 मार्च, ऑफिस का पहला दिन हर किसी के लिए बेहद खास होता है। ऐसे में कुछ लोग ऑफिस जाने के लिए काफी एक्साइटेड नजर आते हैं। तो वहीं कई लोगों को ऑफिस जाते समय नर्वेसनेस होने लगती है। हालांकि कॉलेज लाइफ के बाद जब ऑफिस में कदम रखते है तो काफी कुछ बदल जाता है। ऐसे में घबराहट होना आम बात है लेकिन अगर आप पहली बार ऑफिस जॉइन कर रहे है तो कुछ आसान टिप्स को फॉलो कर सकते है। इससे आप दफ्तर की कई परेशानियों को आसानी से अवॉयड कर सकते है।

दरअसल, पहली बार जब लोग ऑफिस जॉइन करते है तो वह प्रोफेशनल लाइफ से पूरी तरह से अंजान होते है। ऐसे में उनके मन में ऑफिस को लेकर कई तरह के सवाल आते है। इतना ही नहीं पहली बार ऑफिस जाते समय कई दिक्कतों का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में आप कुछ खास बातों को ध्यान में रखकर अपने फर्स्ट इंप्रेशन को बेस्ट बना सकते है और इससे आपको ऑफिस मे एडजस्ट होने में भी ज्यादा दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**पहली बार ऑफिस जाते समय जरूर फॉलो करें ये टिप्स**

**1. वर्क कल्चर को समझे**

अगर आप पहली बार ऑफिस जा रहे है तो आप वर्क कल्चर को समझने की कोशिश करें। इसके लिए आप ऑफिस में टी-ब्रेक और लंच ब्रेक से लेकर कलीग्स के काम करने के तरीके पर फोकस करें। ध्यान रखे कि हर ऑफिस में डेकोरम मेंटेन करना काफी जरूरी होता है। इसलिए वर्क कल्चर पर फोकस करना काफी जरूरी है।

**2. ज्यादा न बोलें**

कुछ लोगों को काफी ज्यादा बोलने की आदत होती है। वहीं कुछ लोगों का स्वभाव काफी मजाकिया होता है। लेकिन ऑफिस के पहले ही दिन आपका ये अंदाज आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। इसलिए ऑफिस में ज्यादा बोलने से बचें।


**3. काम पर फोकस करें**

ऑफिस के पहले दिन अगर आपको अपना इंप्रेशन बेस्ट बनाना है तो सबसे जरूरी है कि आप अपने काम में अच्छा परफॉर्म करें। वहीं काम में बेस्ट परफॉर्मेंस देने के साथ-साथ लोगों के साथ पोलाइट रहने की भी कोशिश करें।

**4. टू द पॉइंट बात करें**

ऑफिस में आपका टू द पॉइंट बात करना बेहतर रहता है। यानि की जो भी बात है उसे सीधा बोले। ऐसा करने से आपके सीनियर्स आपकी बात को आसानी से समझ पाएंगे

# 2030 तक रोबोट करेंगे घरों के 40% काम



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट, 2 मार्च : तकनीक ने दुनिया को तेजी से बदला है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वजह से इस बदलाव की रफ्तार में और तेजी आई है। संभव है कि दशक भर में ही दुनिया इतनी बदल जाए जिसकी कल्पना करना भी अभी मुश्किल है। ब्रिटेन और जापान के 65 AI विशेषज्ञों के इंटरव्यू के बाद तैयार की गई रिपोर्ट कहती है- इस दशक के अंत तक दुकानों पर इंसानों की जरूरत नहीं होगी। खरीदारी में खर्च होने वाले समय में 60% तक कमी हो जाएगी।AI के जरिए दुकान-मॉल की सुरक्षा से लेकर बिलिंग, सफाई से लेकर स्टोरेज तक सारी चीजें रोबोट करेंगे। घरों के ज्यादातर काम ऑटोमेशन पर होंगे। विशेषज्ञ कहते है कि झाड़ू-पोछा, बर्तन धोना, खाना बनाने जैसे घरों के 39% काम रोबोट करेंगे। हालांकि बच्चों और बूढ़ों की देखभाल में इस दशक के अंत तक AI की बहुत ज्यादा मदद मिलने की उम्मीद नहीं है। AI तकनीक जैसे-जैसे स्मार्ट होती जा रही है, हमारी निजता खतरे में पड़ती जा रही है।

इस दशक के अंत तक इंसानों के लिए अपनी निजता बचाए रख पाना मुश्किल होगा।वे कहती हैं- यह निजता पर ऐसा हमला है, जिसके लिए सोसायटी बिल्कुल तैयार नहीं है। लेकिन हरटॉग यह भी कहती हैं कि इससे समाज में महिला-पुरुष में समानता का स्तर बढ़ेगा। वे जापान का उदाहरण देती हैं, जहां पुरुषों के मुकाबले महिलाएं घर का पांच गुना अवैतनिक काम करती हैं। इस वजह से उनके पास खाली समय नहीं होता।

# उत्तराखंड में भूकंप का खतरा, मसूरी-नैनीताल को होगा बड़ा नुकशान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 2 मार्च : फरवरी की शुरुआत में तुर्की और सीरिया में जो भयानक भूकंप आया, उत्तराखंड को उससे सबक लेने की जरूरत है। तमाम वैज्ञानिक संस्थान कई बार ये भविष्यवाणी कर चुके हैं. कि उत्तराखंड पर मेगा अर्थक्वेक का खतरा मंडरा रहा है। अब रुड़की समेत तीन आईआईटी भूकंप वैज्ञानिकों ने अपने शोध में बड़ा खुलासा किया है। इसके अनुसार अगर हिमालयी क्षेत्र में बड़ा भूकंप आया तो मसूरी में 1054 और नैनीताल में 1447 करोड़ का नुकसान होगा, भारी तबाही मचेगी।

मैदानी क्षेत्र में यह नुकसान मसूरी की तुलना में 200 करोड़ और नैनीताल की तुलना में 100 करोड़ कम होगा। जनवरी 2019 में एमएचआरडी भारत सरकार ने इंप्रिंट-2 स्कीम के तहत नेक्स्ट जेनरेशन अर्थक्वेक लॉस एस्टीमेशन टूल फॉर हिली रिजन नाम का एक प्रोजेक्ट आईआईटी रुड़की, आईआईटी रोपड़, मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जयपुर और नोएडा की रिस्क मैनेजमेंट सॉल्यूशन को दिया था। आईआईटी रुड़की ने आने वाले 50 वर्षों में बड़े और अपेक्षाकृत कम तीव्रता के भूकंप में हिमालयी क्षेत्र में होने वाले भवनों के नुकसान का आकलन किया है।

शोध के दौरान पता चला कि मसूरी में बड़ा भूकंप आया तो करीब 1054 करोड़ का नुकसान होगा। जबकि कम तीव्रता वाले भूकंप में यह नुकसान 229.97 करोड़ होगा। मैदानी क्षेत्र में बड़े भूकंप में 854 करोड़ और कम तीव्रता के भूकंप में 159 करोड़ का नुकसान होगा। इसी तरह नैनीताल में बड़े भूकंप में नुकसान 1447 करोड़ और कम तीव्रता के भूकंप में 271 करोड़ का नुकसान होगा। आईआईटी के वैज्ञानिक प्रो. योगेंद्र सिंह ने बताया कि विकसित की गई तकनीक से हिमालय के किसी भी शहर में भूकंप से होने वाले नुकसान का आसानी से आकलन किया जा सकता है।

शोध के तहत मसूरी के 5101 और नैनीताल के 7793 भवनों का सर्वे किया गया। बता दें कि नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट NGRI के वैज्ञानिक डॉ. पूर्णचंद्र राव ने भी दावा किया है कि हिमालय क्षेत्र में जल्द ही बड़ा भूकंप आ सकता है। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 8 रह सकती है, जिससे भारी तबाही हो सकती है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि संरचनाओं को मजबूत करके जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकता है।




# कोच्चि में आईएनएस विक्रांत का मंत्री गणेश जोशी ने किया निरीक्षण

**जोशी बोले -आईएनएस विक्रांत की प्रतिकृति सैन्य धाम में स्थापित होगी**

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



कोच्चि, 2 मार्च , केरल दौरे के तीसरे दिन सूबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कोच्चि के कोचीन शिपयार्ड पहुंचे। जहां उन्होंने भारत द्वारा निर्मित देश का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत अब तक का सबसे बड़ा जहाज आईएनएस विक्रांत का निरीक्षण कर जहाज का अवलोकन किया। इस मौके कृषि मंत्री गणेश जोशी के साथ नौसेना के तमाम वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। मंत्री गणेश जोशी ने आईएनएस विक्रांत की भूरी भूरी प्रशंसा की और भारतीय नौसेना के अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय नौसेना में शामिल उत्तराखंड के अधिकारियों से भी मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना। मंत्री गणेश जोशी ने कहा देश का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत आत्मनिर्भर भारत की मजबूती को दर्शाता है उन्होंने कहा उत्तराखंड में बनने जा रहे सैन्य धाम में आईएनएस विक्रांत की प्रतिकृति स्थापित की जाएगी।इसके लिए वह शीघ्र ही भारतीय नौसेना के अधिकारियों से वार्ता करेंगे।

इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया। मंत्री गणेश जोशी ने कहा विक्रांत भारत में निर्मित अब तक का सबसे बड़ा जहाज है।और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की परिकल्पना मेक इन इंडिया के तहत विकसित पहले स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत इस दिशा में बड़ा कदम है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा विक्रांत सिर्फ एक युद्धपोत नहीं है यह 21वीं सदी के नए भारत की कड़ी मेहनत प्रतिबद्धता दर्शाता है। निश्चित ही यह देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा में मदद मिलेगी।

# टालमटोल की आदत से रिश्ते बिगड़ते हैं, रिसर्च



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 2 मार्च : फरवरी की शुरुआत में तुर्की और सीरिया में जो भयानक भूकंप आया, उत्तराखंड को उससे सबक लेने की जरूरत है। तमाम वैज्ञानिक संस्थान कई बार ये भविष्यवाणी कर चुके हैं. कि उत्तराखंड पर मेगा अर्थक्वेक का खतरा मंडरा रहा है। अब रुड़की समेत तीन आईआईटी भूकंप वैज्ञानिकों ने अपने शोध में बड़ा खुलासा किया है। इसके अनुसार अगर हिमालयी क्षेत्र में बड़ा भूकंप आया तो मसूरी में 1054 और नैनीताल में 1447 करोड़ का नुकसान होगा, भारी तबाही मचेगी।

मैदानी क्षेत्र में यह नुकसान मसूरी की तुलना में 200 करोड़ और नैनीताल की तुलना में 100 करोड़ कम होगा। जनवरी 2019 में एमएचआरडी भारत सरकार ने इंप्रिंट-2 स्कीम के तहत नेक्स्ट जेनरेशन अर्थक्वेक लॉस एस्टीमेशन टूल फॉर हिली रिजन नाम का एक प्रोजेक्ट आईआईटी रुड़की, आईआईटी रोपड़, मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जयपुर और नोएडा की रिस्क मैनेजमेंट सॉल्यूशन को दिया था। आईआईटी रुड़की ने आने वाले 50 वर्षों में बड़े और अपेक्षाकृत कम तीव्रता के भूकंप में हिमालयी क्षेत्र में होने वाले भवनों के नुकसान का आकलन किया है।

शोध के दौरान पता चला कि मसूरी में बड़ा भूकंप आया तो करीब 1054 करोड़ का नुकसान होगा। जबकि कम तीव्रता वाले भूकंप में यह नुकसान 229.97 करोड़ होगा। मैदानी क्षेत्र में बड़े भूकंप में 854 करोड़ और कम तीव्रता के भूकंप में 159 करोड़ का नुकसान होगा। इसी तरह नैनीताल में बड़े भूकंप में नुकसान 1447 करोड़ और कम तीव्रता के भूकंप में 271 करोड़ का नुकसान होगा। आईआईटी के वैज्ञानिक प्रो. योगेंद्र सिंह ने बताया कि विकसित की गई तकनीक से हिमालय के किसी भी शहर में भूकंप से होने वाले नुकसान का आसानी से आकलन किया जा सकता है। शोध के तहत मसूरी के 5101 और नैनीताल के 7793 भवनों का सर्वे किया गया।

बता दें कि नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट NGRI के वैज्ञानिक डॉ. पूर्णचंद्र राव ने भी दावा किया है कि हिमालय क्षेत्र में जल्द ही बड़ा भूकंप आ सकता है। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 8 रह सकती है, जिससे भारी तबाही हो सकती है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि संरचनाओं को मजबूत करके जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकता है।

# चारधाम यात्रा में हाईवे पर पुलिस रहेगी सक्रिय : एसएसपी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने कहा कि टिहरी पुलिस ने चारधाम यात्रा तैयारियां पूरी कर ली हैं। राजस्व का बड़ा हिस्सा पुलिस को मिल जाने और स्टाफ की कमी के बाद भी यात्रा तैयारी मजबूत है। चारधाम यात्रा के लिए बाहर से आने वाले यात्रियों व पर्यटकों की टिहरी पुलिस यात्रकाल में पूरी मदद करेगी। एसएसपी भुल्लर ने बुधवार को यात्रा तैयारियों को लेकर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान जनपद टिहरी गढ़वाल में 6 एसडीआरएफ की सब टीम काम करेंगी। 2 आपदा चौकियों में जाजल और बछेली खाल चलाई जाएगी। इसके अलाव सीजनल चौकी चिरबटिया का संचालन यात्रा शुरू होने से दो सप्ताह पूर्व किया जाएगा। चारधाम यात्रा के लिए जो पंजीकरण किए जा रहे हैं। बद्रीनाथ व केदारनाथ धाम जाने वाले यात्रियों के पंजीकरण का निरीक्षण तपोवन के समीप व गंगोत्री व यमुनोत्री धाम जाने वाले यात्रियों के पंजीकरण का निरीक्षण भद्रकाली पुलिस चौकी के सामने सुनिश्चित किया जाएगा। यात्रा के दौरान आपदाओं से निपटने के लिए आपदा उपकरणों की रिहंसल पुलिस ने कर ली है। इसके अलावा जल पुलिस को भी यात्राकाल में मजबूत करने के लिए प्रभावी उपकरणों की व्यवस्था की गई है। डीएम डॉ. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में हर माह आयोजित होने सडक़ सुरक्षा की बैठक में ब्लैक स्पाट चयनित कर सडक़ों को गड्ढा व दुर्घटना मुक्त बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। दुर्घटनाओं को देखते हुए, राजमार्ग वाले हिस्सों पर पुलिस की सक्रियता यात्रकाल में तेज की जाएगी।

# श्री गुरु राम राय युनिवेर्सिटी ने युवाओं को दिखाई उद्यमी से उद्योगपति बनने की राह

## विश्वविद्यालय में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन




■ आई.आई.एम. काशीपुर व उद्योग निदेशालय के सहयोग से हुआ कार्यक्रम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 2 मार्च , इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर , श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय और आई.आई.एम. काशीपुर के सहयोग से दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं जानकारी दी कि वे नए उद्यम व उद्योग किस प्रकार शुरू कर सकती हैं। इन्हें शुरू करने में राज्य सरकार की बहुउद्देशीय योजनाएं मील का पत्थर साबित हो सकती हैं। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय परिसर में उत्तराखण्ड स्टार्टअप, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रायोजित बूट कैम्प का उद्घाटन मुख्य अतिथि एस.सी. नौटियाल, निदेशक उद्योग, उत्तराखण्ड सरकार व डॉ उदय सिंह रावत, कुलपति श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि एस.सी. नौटियाल अपने उद्बोधन में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा विभिन्न स्टार्टअप योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को नये स्टार्टअप अवसरों को खोजने और उन पर कार्य करने के लिए पहल करनी होगी। बाजार की वर्तमान मांग के अनुरूप राज्य सरकार की कई योजनाएं प्रचलित हैं। युवा उन योजनाओं का लाभ लेकर रोजगार के स्वर्णिम अवसरों पर काम कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) उदय सिंह रावत ने भी विद्यार्थियों को स्टार्टअप की महत्तवता को विस्तारपूर्वक समझाया। कुलसचिव प्रो. (डॉ.) अजय कुमार खण्डूडी ने उत्तराखण्ड सरकार और आई.आई.एम. काशीपुर के सहयोग को सराहनीय कदम बताया और विद्यार्थियों को स्टार्टअप के माध्यम से स्वरोजगारों के सृजन के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर राजेश जैन, फाउन्डर शिल्प स्टोर ने अपनी स्टार्टअप यात्रा से विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. (डॉ.) रचिता गुप्तार्, आइ.आइ.एम. काशीपुर ने विद्यार्थियों को विभिन्न स्टार्टअप विचारों के क्रियान्वयन की रूपरेखा को साझा किया। राम कुमार मैनेजर, एफ.आई.ई.डी., आई.आई.एम. काशीपुर ने विद्यार्थियों को नये विचारों को स्टार्टअप में परिवर्तित करने के तरीकों से अवगत कराया।

सिद्धार्थ गुप्ता, इन्डियन हैम्प स्टोर, उत्तराखण्ड स्टार्टअप से राजेन्द्र सिंह, उप निदेशक, अंजनी रावत, जनरल मैनेजर, उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड सरकार उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय के आई.आई.सी. के निदेशक प्रो. (डॉ) द्वारिका प्रसाद मैठाणी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य था कि स्टार्ट अप कैंप के माध्यम से स्टार्टअप करने वाले छात्र छात्राए मिल सकें, सामुहिक प्रयास से यह उद्देश्य सफल रहा। विश्वविद्यालय के आई0आई0सी0 निदेशक प्रो. (डॉ.) द्वारिका मैठानी, प्रमुख समन्वयक डॉ. पंकज चमोली, समन्वयक डॉ. दीपिका जोशी ने इस कार्यक्रम में प्रमुख भुमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. पूजा जैन, डॉ मीनू चौधरी, डॉ विपुल जैन, डॉ. अलका एन चौधरी, डा. कुमुद सकलानी, डॉ. आर.पी.सिंह, मनोज तिवारी, गणेश डबराल, वंशिका गैरोला, कृति सैनी, दीपांशु भट्ट आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# डीएम ने तीर्थपुरोहितों के साथ यात्रा को लेकर बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। आगामी केदारनाथ यात्रा को देखते हुए जिलाधिकारी ने केदारनाथ के तीर्थपुरोहितों के साथ बैठक की। साथ ही यात्रा के सफल संचालन के लिए तीर्थपुरोहितों से सहयोग मांगा। कहा कि यात्रा में तीर्थ पुरोहितों की अहम भूमिका है।

कलक्ट्रेट में तीर्थपुरोहितों की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि केदारनाथ धाम यात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए तीर्थ पुरोहितों का अहम रोल है। इसके लिए उन्होंने यात्रा की सफलता के लिए जिला प्रशासन की ओर से जो भी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं की जा रही हैं उसमें सभी से सहयोग की अपेक्षा की है ताकि केदारनाथ धाम में दर्शन करने आने वाले तीर्थ यात्रियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी एवं असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा की सफलता के लिए इस बार शासन द्वारा दर्शन करने वाले यात्रियों का पंजीकरण करना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम में आने वाले तीर्थ यात्रियों को टोकन व्यवस्था के आधार पर दर्शन कराए जाएंगे। टोकन प्राप्त करने के लिए काउंटर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम में विशिष्ट राज्य अतिथियों एवं गणमान्यों के लिए दर्शन कराने के लिए प्रोटोकॉल अधिकारी एवं मंदिर समिति की ओर से नोडल अधिकारी नामित होंगे, जिनके माध्यम से उन्हें दर्शन कराए जाएंगे।

कहा कि तीर्थ पुरोहितों के विशिष्ट जनों के लिए दर्शन के लिए केदार सभा के लेटर पैड के अनुसार ही दर्शन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। यहां संचालित होने वाले होटल, ढाबों में सभी सामग्री के रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे। बैठक में स्वास्थ्य, खाद्य सामग्री ढुलान व्यवस्था, विद्युत, पेयजल अलाव जलाने की व्यवस्था, मंदिर प्रांगण में साफ-सफाई, शौचालय, बैरिकेटिंग, जूते-चप्पल के नियत स्थान एवं काउंटर लगाए जाने आदि व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने तीर्थ पुरोहितों को भरोसा दिलाया कि उनके द्वारा जो भी समस्याएं एवं सुझाव बताए गए हैं उन पर जरूरी कार्रवाई की जाएगी। तीर्थपुरोहितों ने आपदा से प्रभावित तीर्थ पुरोहितों के लिए आवासीय उचित टैंट व्यवस्था के साथ ही केदार सभा के लिए आफिस निर्माण की मांग की।तीर्थ पुरोहितों द्वारा बताया गया कि केदारनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। ड्यूटी पर लगाए गए पुलिस कार्मिकों को उचित प्रशिक्षण देते हुए सभी के साथ मित्र पुलिस जैसा व्यवहार करने की अपेक्षा की गई। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी केदारनाथ योगेंद्र सिंह के साथ ही केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, पूर्व अध्यक्ष किशन बगवाड़ी, श्रीनिवास पोस्ती, महामंत्री राजेंद्र तिवारी, सदस्य संतोष त्रिवेदी, धीरेंद्र प्रसाद शुक्ला, विष्णुकांत कुर्मांचली, अंकित सेमवाल, पंकज शुक्ला, भारत भूषण आदि मौजूद थे।

# भाजपा निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी : पंवार

रुद्रप्रयाग। भाजपा के जिलाध्यक्ष महावीर पंवार ने कहा कि भाजपा निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से पार्टी की सेवा करता है। यही कारण है कि बिना किसी पहुंच के ही सामान्य कार्यकर्ता बड़े पदों तक पहुंच जाता है।

रुद्रप्रयाग पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा विशुद्ध रूप से निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्होंने कहा कि वह सामन्य कार्यकर्ता की तरह ही पार्टी से जुड़े थे, और निस्वार्थ रूप से कार्य करते करते हुए आज पार्टी ने उन्हें जिलाध्यक्ष के रूप में सेवा करने का सौभाग्य दिया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश और जनपद का चहुमुंखी विकास हो रहा है। इस मौके पर भाजपा महामंत्री भारत भूषण भट्ट, मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बत्र्वाल, भाजयुमों के गढ़वाल संयोजक विकास डिमरी, पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील नौटियाल, आईटी सैल के जिला संयोजक विकास नौटियाल, सोशल मीडिया प्रभारी संदीप कठैत, रोशन झा, पंकज कप्रवान आदि मौजूद थे।

# बंदरों को पकड़ने के कोई इंतजाम नहीं हुए सफल

रुद्रप्रयाग। जंगली क्षेत्रों के साथ ही गांवों में फलदार वृक्षों की कमी के चलते बंदरों का रुख शहरी क्षेत्रों की ओर हो रहा है। विशेषकर ऐसे स्थान जहां बंदरों को खाने-पीने के लिए कुछ नहीं मिल रहा है तो वह शहरों में आ रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि दो दशक पहले बंदरों की तादाद जैसी गांवों में दिखती थी, वैसी अब शहरों में पहुंच गई है। पर्यावरणविद जगत सिंह जंगली कहते हैं कि जब जंगलों में बंदरों के अनुकूल माहौल, खान-पान नहीं मिल रहा तो वह शहरों में आने लगे हैं। शुरूआत में ही यदि बंदरों को शहरों में आने से रोकने के इंतजाम किए जाते तो यह स्थिति देखने को नहीं मिलती। सरकारी स्तर पर जो भी इंतजाम किए जाते हैं वह नाकाम साबित हो रहे हैं। अभियान के तौर पर कभी बंदरों को पकड़कर बाड़े में रखने की व्यवस्था नहीं की गई है और न ही बंदरों की नसबंदी की योजना सफल हो पाई। यही कारण है कि बंदरों की तादाद आए दिन बढ़ती ही जा रही है। अब तो लोग शहरों में भी खाने-पीने की चीजें देकर बंदरों की आदत खराब कर रहे हैं।

# पौड़ी में खाद्य सामग्री के चौदह सैंपल जांच को भेजे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी । होली त्योहार को देखते हुए राजस्व विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग ने चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। राजस्व विभाग व खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार मिलावट को लेकर दुकानों में चैकिंग अभियान में जुटा है। चेकिंग के दौरान दुकानों से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने सैंपल के लिए भेजे जा रहे हैं।

होली त्योहार को देखते हुए एसडीएम चौबट्टाखाल संदीप कुमार के नेतृत्व में जखेटी, पैडुल, पाटीसैंण, बौंसाल, गुमखाल, जयहरीखाल सहित विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न दुकानों से मैदा, बेसन, दूध, पनीर, मावा, चिप्स, गुजिया, चीनी, सूजी सहित अन्य मिठाइयों के कुल 14 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे। चेकिंग के दौरान एसडीएम ने दुकानदारों को कहा कि दुकानों में नियमित रूप से साफ-सफाई रखें।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा अजब सिंह रावत ने बताया कि होली त्योहार को देखते हुए तहसील प्रशासन, पुलिस व खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई है। कहा कि टीम द्वारा होली त्योहार को लेकर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि होली त्योहार में अधिक मात्रा में बिकने वाले खाद्य पदार्थों पर विशेष नजर रखी गई है व अन्य राज्यों से आने वाले आपूर्ति वाहनों का भी सघन चेकिंग कर कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी बलवंत सिंह, रचना लाल, सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

# प्रो. महावीर सिंह नेगी को मिला भूगोल शास्त्र भूषण अवार्ड

श्रीनगर गढ़वाल। दक्कन ज्योग्राफिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. महावीर सिंह नेगी को प्रतिष्ठित भूगोल शास्त्र भूषण अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। शिक्षण शोध एवं लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय साउथ बिहार के कुलपति प्रो. के.एन सिंह जो दक्कन ज्योग्राफिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भी हैं उपस्थित रहे। इसके साथ ही सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी प्रो. बीसी वैद्य, कुलसचिव बनारस हिंदू विश्वविद्यालय विभागाध्यक्ष भूगोल बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के साथ ही देश विदेश के बहुत ही प्रतिष्ठित भूगोलवेत्ता तथा शोध छात्र भी मौजूद रहे।

# यात्रियों का ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीकरण किया जाए

रुद्रप्रयाग। क्षेत्र के व्यापारियों, पंचकेदार होटल-होमस्टे एसोसिएसन और क्षेत्रीय जनता ने सरकार से पूर्व की भांति ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन पंजीकरण करने की मांग की है। इस बावत उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

एसडीएम ऊखीमठ के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में व्यापारियों, स्थानीय लोगों, होटल एसोसिएसन ने कहा कि 21 अप्रैल से प्रदेश में चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। ऐसे में सरकार को यात्रियों/तीर्थयात्रियों का ऑनलाइन के अलावा ऑफलाइन पंजीकरण भी करना चाहिए। कहा कि चारधाम आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सीमित करने के बजाय पूर्व की भांति इस बार भी यात्रा को दर्शनार्थियों के लिए खोला जाए। साथ ही किसी भी प्रकार की रोक न लगाई जाए। उन्होंने सरकार से श्री मद्महेश्वर, तुंगनाथ, कालीशिला, कालीमठ आदि धार्मिक स्थलों को चारधाम यात्रा से जोड़ने की मांग की। ज्ञापन में व्यापार संघ अध्यक्ष राजीव भट्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य विनोद सेमवाल, होटल एसोसिएसन के अध्यक्ष कैलाश, जितेंद्र सिंह, नरेश कैंतुरा, दिगम्बर रावत, अरविंद सिंह, सूरज समेत अन्य लोगों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

# देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड के रंगोत्सव -2 का परिणाम घोषित





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अपने रंगोत्सव -2 के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस प्रतियोगिता में वॉल नंबर 10 (सदस्य मुक्ता जोशी , दामिनी , लोनशि रावत )को प्रथम स्थान मिला। वॉल नं 9 (सदस्य अनुज कुमार, कोमल वर्मा, सुमिरन भंडारी , शिवांगी सेन ) को द्वितीय और वॉल नंबर 6(सदस्य मुकुल बडोनी) को तृतीय पुरस्कार के लिए चुना गया। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया था। देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड की सीईओ और देहरादून की डीएम श्रीमती सोनिका ने पुरस्कारों की घोषणा की।देहरादून स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं में जन भागीदारी सुनिश्चित करने और शहर को सुन्दर और स्वच्छ बनाने के लिए इस वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। 21 दिसंबर 2022 को शुरू हुई प्रतियोगिता 30 जनवरी 2023 को संपन्न हुई। प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों को देहरादून के परेड ग्राउंड में दीवारों के फ्रेम अपनी कला को उकेरने के लिए आवंटित किये गये थे। प्रत्येक टीम में 1 से लेकर 15 सदस्यों को शामिल होने की छूट दी गई थी।स्मार्ट सिटी सीईओ सोनिका के अनुसार इस प्रतियोगिता के लिए परेड ग्राउंड की कुछ दीवारों को चुना गया, ताकि उन्हें खूबसूरत रूप दिया जा सके। वॉल पेंटिंग का विषय उत्तराखंड की ऐपण कला और उसके माध्यम से उत्तराखंड की समृद्ध और जीवंत संस्कृति को दिखाना था । प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली वॉल नंबर 10 पेंटिंग में उत्तराखंड की परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं के साथ ही राज्य की वाद्य कला और हस्तकला को भी प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया है। राज्य की परंपरागत काष्ठ कला को भी इस पेंटिंग में देखा जा सकता है, जो खोली के स्तंभ के रूप में है। उसके ऊपरी हिस्से में कलश सुशोभित है।द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली वॉल नंबर 9 में उत्तराखंड के परंपरागत प्रतीक चिन्हों के साथ ही मोर की छवियां उकेरी गई हैं, इसके साथ ही इस पेंटिंग में पहाड़ के एक बुजुर्ग पुरुष और एक बुजुर्ग महिला की छवि भी देखी जा सकती है। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली वॉल नंबर 6 में दीपावली पर घरों की दीवारों और आंगन में उकेरी जाने वाली छवियां हैं, जिनमें श्री गणेश, श्री लक्ष्मी और श्रीलक्ष्मी के पद शामिल हैं।स्मार्ट सिटी सीईओ सोनिका जी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 75 हजार रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 50 हजार रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली प्रत्येक टीम को 5-5 हजार रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।वॉल पेंटिंग भारतीय परंपरा का एक अभिन्न हिस्सा रहा है। देहरादून स्मार्ट सिटी द्वारा ऐपण कला को अक्षुण्ण बनाये रखने की दिशा में कार्य किया है। भविष्य में भी ऐसी और प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जायेगा इससे एक तरफ जहां शहर की दीवारें सुन्दर और साफ-सुथरी रहेंगी, वहीं दूसरी और शहर को सुन्दर बनाने में जनभागीदारी को भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। - सोनिका ,मुख्य कार्यकारी अधिकारी, देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड

## संपादकीय

### कम हो चीन से व्यापार असंतुलन

चीन से लगातार बढ़ता व्यापार असंतुलन देश की एक बड़ी आर्थिक चिंता का कारण बन गया है. इस पर विभिन्न स्तरों पर विचार मंथन हो रहा है. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 23 फरवरी को एशिया इकोनॉमिक डायलॉग में कहा कि चीन से व्यापारिक असंतुलन की गंभीर चुनौती के लिए सिर्फ सरकार ही जिम्मेदार नहीं है, देश का उद्योग-कारोबार भी जिम्मेदार हैं. उन्होंने कल-पुर्जे सहित संसाधनों के विभिन्न स्रोत और मध्यस्थ विकसित करने में प्रभावी भूमिका नहीं निभायी है. देश की बड़ी कंपनियां शोध एवं नवाचार में भी पीछे हैं. हाल ही में 17 फरवरी को वाणिज्य मंत्रालय ने भारत-चीन व्यापार के अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 तक 10 महीनों के आयात-निर्यात के जो आंकड़े जारी किये हैं, उसके मुताबिक इस अवधि में चीन से होने वाले आयात में नौ फीसदी का उछाल आया है. इस अवधि में चीन को किये जाने वाले निर्यात में 34 फीसदी की भारी कमी आयी है. स्थिति यह है कि इस समय जहां दुनिया के 150 से अधिक देशों में भारत से होने वाले निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, वहीं चीन को निर्यात में लगातार कमी होती दिख रही है. पिछले कुछ सालों में चीन और भारत के बीच तनाव बढ़ा है, हिंसक झड़पें भी हुई हैं, फिर भी व्यापार में भारत की चीन पर निर्भरता लगातार बढ़ी है. वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दिसंबर 2022 में राज्यसभा में कहा कि 2004-05 में भारत और चीन के बीच 1.48 अरब डॉलर का व्यापार घाटा था, जो 2013-14 में 36.21 अरब डॉलर तक पहुंच गया. इन वर्षों में चीन से आयात भी दस गुना से अधिक हो गया है. इन वर्षों में पूरा देश घटिया चीनी उत्पादों से भर गया और भारत बहुत कुछ चीनी सामानों पर निर्भर होता गया. उल्लेखनीय है कि चीन से आने वाले सामान में विभिन्न उद्योगों के उत्पादन में काम आने वाली चीजें, दवाइयों के कच्चे माल, दवाइयां, इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक सामान, पशु या वनस्पति वसा, अयस्क, लावा और राख, खनिज ईंधन, अकार्बनिक तथा कार्बनिक रसायन, उर्वरक, रंगाई के अर्क, विविध रासायनिक उत्पाद, प्लास्टिक, कागज और पेपरबोर्ड, कपास, कपड़े, जूते, कांच तथा कांच के बने पदार्थ, लोहा और इस्पात, तांबा, परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, मशीनरी और यांत्रिक उपकरण, फर्नीचर आदि शामिल हैं.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाएं

रुडकी। आईआईटी में तीन दिवसीय पेरोव्स्काइट सोसाइटी ऑफ इंडिया मीट का उदघाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऑनलाइन किया। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। यह इससे लाभ अर्जित करने का उपयुक्त समय है।

उन्होंने कहा कि यह अमृत काल में भारत को आगे ले जाएगा और उत्तराखंड राज्य को आत्मनिर्भर बनाएगा। आईआईटी के निदेशक प्रो. केके पंत ने कहा कि यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत में ऊर्जा स्वतंत्र बनने के लिए एक रोडमैप प्रदान करेगा। कार्यक्रम आईआईटी रुडक़ी के 175वें साल के उत्सव के दौरान हो रहा है। डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स एंड सेंटर फॉर फ्लेक्सिबल एंड स्मार्ट एनर्जी डिवाइसेज और पेरोव्स्काइट सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से यह आयोजन किया जा रहा है।

संयोजक भौतिकी विभाग के प्रो. सौमित्र सतपथी ने कहा कि यह आयोजन उद्योग परिणाम और सौर ऊर्जा प्रवृत्तियों पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करेगा। पेरोव्स्काइट सोसाइटी ऑफ इंडिया का उद्देश्य ऊर्जा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की अगली पीढ़ी बनाने, युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को एक मंच पर जोडऩा है।

## सिलेंडर के बढ़े दाम वापस लें

रुडकी। विधायक वीरेंद्र जाती ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर बढ़ती महंगाई में आग में घी डालने का काम किया है। जनता पहले से ही महंगाई से त्रस्त है। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपये और कमर्शियल गैस सिलेंडर पर ?350 रुपये बढ़ाए गए हैं। गैस के दाम बढऩे से आम जनता पर मंहगाई का सीधे बोझ पड़ा। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम पूर्व में ही काफी अधिक थे। अब गैस के दाम बढऩे पर गरीब वर्ग लकड़ी की मदद से चूल्हा जलाकर खाना बनाने को मजबूर हो जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर बिष्ट

पौड़ी । विकासखंड बीरोंखाल मुख्यालय में कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश बिष्ट में कार्यकर्ताओं को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा की गलत कुटनीतियों को आम लोगों पहुंचने को कहा है। बुधवार को कांग्रेस कमेटी बीरोंखाल में आयोजित बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में बोलते अध्यक्ष जगदीश बिष्ट ने सभी कार्यकर्ता को लोकसभा चुनावों के लिए अभी से भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की नाकामियों को आम लोगों तक पहुंचाने का काम कार्यकर्ता करें। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने राज्य सरकार में भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी चरम पर पहुंच गए हैं जनता आने वाले लोकसभा चुनावों में इन्हें करारा जबाव देगी। उन्होनें केंद्र सरकार पर भी निशाना सादते हुए कहा कि केंद्र सरकार हर महीने रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी कर रही है जिसके कारण आम लोगों का घर की बजट गड़बड़ा जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख राजेश कंडारी, डॉ. जेएस नेगी, अनुसूचित जिलाध्क्ष कांता, बचन सिहं नेगी, महिपाल शाह, हेमराज प्रियब्रत, विजय कुमार पुरी, बलबीर रावत, गंगा प्रसाद, बिष्णु रावत आदि थे। संचालन नंद किशोर नौटियाल ने किया।

### छात्राओं को दे शार्ट टर्म कार्स की जानकारी

पौड़ी। बुधवार को डीएम सभागार में आयोजित बैठक में डीएम डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि इंटरमीडिएट में अध्ययनरत छात्राओं को सोशल मीडिया, साइबर ठगी, आत्मरक्षा, करियर काउन्सिलिंग, वित्तीय साक्षरता का शार्ट टर्म क्रेश कोर्स करवाया जाए। उन्होंने शार्ट टर्म क्रेश कोर्स के लिए प्रायोगिक तौर पर जिले के 5 इण्टरमीडिएट स्कूलों का चयन करने के निर्देश दिए हैं। इन स्कूलों में बालिकाओं को सोशल मीडिया, साइबर ठगी, आत्मरक्षा, करियर काउन्सिलिंग, वित्तीय साक्षरता के प्रशिक्षण के लिए पुलिस, शिक्षा, खेल, बैंकर्स, समाज कल्याण विभाग को विषय विशेषज्ञ, मास्टर ट्रेनर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। महिला लिंगानुपात में सुधार को लेकर डीएम ने सीएमओ को आशा कार्यकर्ताओं की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कन्या भ्रूण हत्या के प्रावधानों का सख्ती के अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होने विभागों में महिला सुरक्षा समिति बनाने, परित्यक्ता पेंशन, दीन दयाल किसान कल्याण व नन्दा गौरा योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, डीपीओ जितेंद्र कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी आदि शामिल थे।

### नैतिक मूल्यों के साथ शिशु मंदिर आदर्श शिक्षा केंद्र

पौड़ी । शिशु मंदिर धुमाकोट का वार्षिकोत्सव समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिशु मंदिर नैतिक मूल्यों के साथ आदर्श शिक्षा के केंद्र हैं। सुदूर क्षेत्रों में अच्छी शिक्षा व्यवस्था के साथ शिशु मंदिर सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतरीन काम कर रहे हैं। ब्लाक प्रमुख प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अरविंद रावत, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ध्यानी, उपाध्यक्ष मनोज खर्कवाल, सह विभाग कार्यवाह संजय, जिला प्रचारक नरेश जी, प्रवोधन प्रमुख मनवर, विभाग बौद्धिक प्रमुख नरेश सौराड़ी, शिशु मंदिर नैनीडांडा के प्रधानाचार्य हरीश, शिशु मंदिर भौन के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह, आचार्य सुरेंद्र, धनपाल, कल्पना, गीता, संजना, विनीता, प्रिया, दीक्षा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेमसिंह रावत ने किया। इस दौरान शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# मिनी गुप्ता, राजकुमार व ज्योत्सना जोशी रहे विजयवाणी ओपन माइक के विजेता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। निरावधि जोकि कवियों व शायरों के लिए ए कम्युनिटी प्लेटफॉर्म है के द्वारा विजयवाणी 1.0 ओपन माइक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मिनी गुप्ता, राजकुमार व ज्योत्सना जोशी प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।निरावधी की ओर से विजयवाणी 1.0 नाम से एक ओपन माइक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों व शायरों ने प्रतिभा किया एवं अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए निरावधि की चेयरमैन प्राची चंद्रा ने बताया कि निरावधि एक ऐसा मंच है जहां पर उभरते हुए शायरों कवियों को मंच प्रदान किया जा सके इसी क्रम में विजयवाणी जो की उनके पिता जी के नाम पर है के नाम से ओपन माइक का पहला कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिनके पीछे प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया सभी प्रतिभागियों में अपनी अपनी प्रस्तुति दी जिसके बाद मौजूद जजेस बिना बेंजवाल एवं कमला पंत जी ने ज्योत्सना जोशी को तृतीय स्थान पर, राजकुमार को द्वितीय स्थान पर एवं मिनी गुप्ता को प्रथम स्थान पर घोषित किया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विजय चंद्रा एवं रंजना चंद्र मौजूद रहे वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ विपुल कंडवाल व गेस्ट ऑफ ऑनर मशहूर शायर परवेज गाजी, फेमस खतौलवि, समाज सेविका एवं पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी खुशबू गुरुंग , नीति आयोग की मास्टर ट्रेनर राधिका गुरुंग एवं आचार्य वर्षा माटा , मशहूर कवि श्रीकांत श्री मौजूद रहे।कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों में निकी पुष्कर, रमा चोपड़ा , ज्योत्सना जोशी, शांति बिंजोला, आयुष चौहान, मोहम्मद रेहान, पूजा कपूर, राजकुमार, वैष्णवी काला, नूपुर राणा, मंजू नेगी, मिनी गुप्ता, खामोश इंसान, आयुष बलूनी, अंजना कंडवाल, हरीश कंडवाल, हीरा मठपाल, विनीता मैथानी, भूपेंद्र अभय एवं गरिमा मौजूद थे। कार्यक्रम में विभिन्न रसों पर आधारित जैसे वीर रस प्रेम रस आदि पर प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी जिन पर श्रोताओं ने जमकर ताली बजाई एवं कार्यक्रम की सराहना की इस मौके पर कवियत्री रुचि ऋांभरा ने भी सभी प्रतिभागियों को जो कि इस मंच पर प्रथम बार अपनी प्रस्तुति दे रहे थे एवं कविता क्षेत्र में नया नया कदम रख रहे थे के लिए अपने अनुभव साझा किए। सभी प्रतिभागियों को वीएलसीसी इंस्टिट्यूट की ओर से गिफ्ट वाउचर देने के लिए संस्थान की ओनर श्रीमती आदर्श भाटिया मौजूद रहीं।



कवियों व शायरों के लिए आयोजित किया गया ओपन माइक कार्यक्रम



# संगठन की मजबूती में जुट जाए कार्यकर्ता : रावत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी । गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने भाजपा नैनीडांडा मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करे। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचाने में जुटें।

मंडल अध्यक्ष शशि ध्यानी की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में आयोजित भाजपा संगठन की बैठक में सांसद तीरथ सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को जुटना होगा। क्षेत्र के लोगों की बिजली, पानी, सडक़, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, कृषि बागवानी, पशुपालन आदि से संबंधित समस्याओं के समाधान की हर संभव कोशिश करनी होगी। आम लोगों से जुडक़र उनकी हर समस्या के समाधान के प्रयास करने होंगे।

उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में में भी उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर जीत दर्ज होगी व भारी बहुमत से केंद्र में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। बैठक में महामंत्री सुनील चौहान, महामंत्री तेजपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रशांत कुमार बछवाण, जेष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्क उप प्रमुख रेखा देवी, जिला महामंत्री दीनदयाल कण्डारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकीर्ण नेगी, वरिष्ठ कार्यकर्ता जोगेश्वर प्रसाद शाह, कमला कण्डारी, एमडी रावत, संजय गौड़, मडंल उपाध्यक्ष मनोज खर्कवाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष विमलानन्द गौड़, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष पटवाल, सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीनदयाल भदूला, कमलेश ध्यानी, सामाजिक कार्यकर्ता सत्यपाल रावत, आई टी प्रमुख आशीष पटवाल ,सोशल मीडिया प्रभारी दीनू चतुर्वेदी, शक्ति केन्द्र संयोजक व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। संचालन सुनील चौहान ने किया।

# बंदरों को पकडऩे के कोई इंतजाम नहीं हुए सफल

रुद्रप्रयाग। जंगली क्षेत्रों के साथ ही गांवों में फलदार वृक्षों की कमी के चलते बंदरों का रुख शहरी क्षेत्रों की ओर हो रहा है। विशेषकर ऐसे स्थान जहां बंदरों को खाने-पीने के लिए कुछ नहीं मिल रहा है तो वह शहरों में आ रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि दो दशक पहले बंदरों की तादाद जैसी गांवों में दिखती थी, वैसी अब शहरों में पहुंच गई है। पर्यावरणविद जगत सिंह जंगली कहते हैं कि जब जंगलों में बंदरों के अनुकूल माहौल, खान-पान नहीं मिल रहा तो वह शहरों में आने लगे हैं। शुरूआत में ही यदि बंदरों को शहरों में आने से रोकने के इंतजाम किए जाते तो यह स्थिति देखने को नहीं मिलती। सरकारी स्तर पर जो भी इंतजाम किए जाते हैं वह नाकाम साबित हो रहे हैं। अभियान के तौर पर कभी बंदरों को पकडक़र बाडे में रखने की व्यवस्था नहीं की गई है और न ही बंदरों की नसबंदी की योजना सफल हो पाई। यही कारण है कि बंदरों की तादाद आए दिन बढ़ती ही जा रही है। अब तो लोग शहरों में भी खाने-पीने की चीजें देकर बंदरों की आदत खराब कर रहे हैं।

# पौड़ी में खाद्य सामग्री के चौदह सैंपल जांच को भेजे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी । होली त्योहार को देखते हुए राजस्व विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग ने चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। राजस्व विभाग व खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार मिलावट को लेकर दुकानों में चैकिंग अभियान में जुटा है। चेकिंग के दौरान दुकानों से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने सैंपल के लिए भेजे जा रहे हैं।

होली त्योहार को देखते हुए एसडीएम चौबट्टाखाल संदीप कुमार के नेतृत्व में जखेटी, पैडुल, पाटीसैंण, बौंसाल, गुमखाल, जयहरीखाल सहित विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न दुकानों से मैदा, बेसन, दूध, पनीर, मावा, चिप्स, गुजिया, चीनी, सूजी सहित अन्य मिठाइयों के कुल 14 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे। चेकिंग के दौरान एसडीएम ने दुकानदारों को कहा कि दुकानों में नियमित रूप से साफ-सफाई रखें।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा अजब सिंह रावत ने बताया कि होली त्योहार को देखते हुए तहसील प्रशासन, पुलिस व खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई है। कहा कि टीम द्वारा होली त्योहार को लेकर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि होली त्योहार में अधिक मात्रा में बिकने वाले खाद्य पदार्थों पर विशेष नजर रखी गई है व अन्य राज्यों से आने वाले आपूर्ति वाहनों का भी सघन चेकिंग कर कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी बलवंत सिंह, रचना लाल, सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

# यात्रियों का ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीकरण किया जाए

रुद्रप्रयाग। क्षेत्र के व्यापारियों, पंचकेदार होटल-होमस्टे एसोसिएसन और क्षेत्रीय जनता ने सरकार से पूर्व की भांति ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन पंजीकरण करने की मांग की है। इस बावत उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

एसडीएम ऊखीमठ के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में व्यापारियों, स्थानीय लोगों, होटल एसोसिएसन ने कहा कि 21 अप्रैल से प्रदेश में चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। ऐसे में सरकार को यात्रियों/तीर्थयात्रियों का ऑनलाइन के अलावा ऑफलाइन पंजीकरण भी करना चाहिए। कहा कि चारधाम आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सीमित करने के बजाय पूर्व की भांति इस बार भी यात्रा को दर्शनार्थियों के लिए खोला जाए। साथ ही किसी भी प्रकार की रोक न लगाई जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### खाद्य संरक्षा विभाग ने खाद्य पदार्थों के 11 सैंपल लिए

नई टिहरी। होली के त्योहार को देखते हुए खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने मुनिकीरेती, ढालवाला और तपोवन क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाया। जिसमें कुल 27 दुकानों का निरीक्षण कर खुले चावल और रिफाइंड तेल सहित 11 खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे गये। खाद्य कारोबारियों को जागरूक करते हुए खुला तेल न बेचने और मिलावटी सामग्री से बचने की हिदायत दी गई। खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के जिला अभिहित अधिकारी एमएन जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि होली के त्यौहार को देखते हुए मिलावटी खाद्य सामग्री को हतोत्साहित करने के लिए जनपद के मुनिकीरेती, ढालवाला और तपोवन क्षेत्र में गहन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान संदेह के आधार पर रिफाईंड आयल, खुला चावल, मिठाई, दूध, दूध पदार्थ व चीनी पाउडर सहित 11 सैंपल लिये गये। सैंपलों को जांच के रूद्रपुर लैब भेजा दिया गया है। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियों को पर्याप्त साफ-सफाई रखने के अलावा खाद्य मानकों की जानकारी रखने को कहा गया। खाद्य सामग्री के निर्माण व उपभोग की तिथि के अनुसार ही खाद्य सामग्री बेचने को कहा गया। एक्सपायरी व मिलावटी सामग्री न बेचने की हिदायत दी गई। लापरवाह खाद्य कारोबारियों के खिलाफ खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की सख्त हिदायत दी गई। खाद्य कारोबारियों को फूड सैप्टी डिस्प्ले बोर्ड, लाईसेंस व रजिस्ट्रेशन चस्पा करने को भी कहा गया। इस दौरान वरिष्ठ खाद्य निरीक्षक शारदा देवी भी मौजूद रही।

### देवप्रयाग महाविद्यालय में तीन दिवसीय योग शिविर शुरू

नई टिहरी। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत तीन दिवसीय योग शिविर शुरु हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में खुद को स्थापित करने के लिये कठोर परिश्रम करना चाहिए,साथ ही तकनीकी रूप में अपडेट भी रहना चाहिए। विधायक ने कहा कि नमामि गंगे कार्यक्रम केवल सभा और गोष्ठियों तक सीमित न रहे गंगा की स्वच्छता के लिए वास्तविक प्रयास किये जाने चाहिए। विधायक ने देवप्रयाग महाविद्यालय को 10 लाख की धनराशि देने की घोषणा की। महाविद्यालय के टॉपर छात्र छात्राओं को भारत दर्शन कार्यक्रम में सम्मिलित करने की बात भी कही। राजकीय महाविद्यालय नैखरी तथा देवप्रयाग के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता को ग्यारह हजार देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि पतंजलि गुरुकुल मूल्यागांव की प्रधानाचार्य साध्वी देव श्रुति जी ने छात्र-छात्राओं को योग का महत्व बताया और निरोगी जीवन हेतु रोज योग करने को कहा। देवप्रयाग प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने महाविद्यालय की आधार भूत समस्याओं से विधायक को अवगत करवाया। गुरुकुलम के योग प्रशिक्षक आचार्य देव विभूति, आचार्य प्रदीप शर्मा, आचार्य ज्योति, शारदा ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार, वृक्षासन आदि योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में भाजपा मंडलध्यक्ष शशि ध्यानी, महामंत्री दीवान सिंह,नमामि गंगे नोडल अधिकारी शीतल वालिया, डॉ. जीपी थपलियाल, डॉ. दिनेश कुमार डॉ. दिनेश नेगी आदि उपस्थित थे।

### होली का त्योहार शांति से मनाने की अपील

नई टिहरी। होली त्योहार में सौहार्द बनाये रखने के मद्देनजर नई टिहरी थाना पुलिस ने सीएलजी मेंबरों सहित स्थानीय सभ्रांत जनों की बैठक आहूत की। बैठक में होली का त्यौहार भाईचारे से मनाने का संदेश देते हुए हुड़दगईयों पर कड़ी कार्यवाही का भरोसा दिया। नई टिहरी थाने के एसएचओं ने बताया कि एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर सीओ टिहरी की मौजूदगी में होली के त्योहार को देखते हुए आल लोगों की बैठक आहूत की गई। बैठक में मौजूद सीएलजी मेंबर, टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी, स्थानीय व्यापार मंडल व सभ्रांत जनों से अपील की गई कि होली पर्व को शांतिपूर्वक व आपसी सौहार्द कायम रखते मनायें। इसके लिए पुलिस को त्योहार को शांति से संपन्न करवाने के लिए लिए सहयोग दें।